परंपरा | दूर-दूर से पहुंचे लोग, तीसरे दिन हुआ समापन

# तीन दिवसीय सीतारपटन मड़ई में उमड़ा जन सैलाब



**मंडला 07 नबंवर नभाप्र.** जिला मुख्यालय से करीब 20 किमी दूर धार्मिक व पर्यटन स्थल सीता रपटन का स्थान है। इतिहासकारों एवं स्थानीय लोगों का मानना है कि सीतारपटन लव कुश की जन्मस्थली भूमि है। इसी स्थान पर बाल्मीकि ऋषि ने संस्कृत भाषा में रामायण की रचना की थी। इस स्थान में लवकुश, सीता और बाल्मीक ऋषि के होने के प्रमाण मिलते है। इसी आस्था के चलते यहां मेले का आयोजन विगत कई वर्षो से किया जा रहा है। प्रति वर्ष कार्तिक मास की पूर्णिमा से भरने वाली तीन दिवसीय सीतारपटन मड़ई में तीन दिन जन सैलाब उमड़ा।

मड़ई के पहले दिन यादव समाज के लोगों नें पूजा के बाद चंडी ब्याही। मड़ई में आसपास गांव के साथ जबलपुर, कवर्धा, सिवनी समेत अन्य जिलो के व्यापारियों ने तरह-तरह की दुकानें लगाई। ठंड को लेकर लोगो ने गर्म कपड़ो और कंबल की खरीदी की। मड़ई के तीनों दिन झूले में लोगों की भीड़ अधिक देखी गई। सीतारपटन मड़ई के समापन में भी जन सैलाब उमड़ पड़ा। अंजनिया के समीपी ग्राम सीतारापटन की तीन दिवसीय मड़ई के तीसरे दिन आसपास क्षेत्र के साथ शहर से पहुंचे लोगों ने मड़ई मेले का आनंद लिया। मड़ई में पहुंचे बच्चों की रुचि मेले में आए खिलौने खरीदने में रही। वहीं सडक़ के दोनों ओर दुकानें लगाए जाने से थोड़ा-बहुत आवागमन प्रभावित हुआ। दिन भर मड़ई में भीड़ रही है। शाम ढालने के बाद भी युवाओं की भीड़ मड़ई स्थल पर बढ़ गई रही। पंचायत ने मड़ई स्थल में पर्याप्त विद्युत व्यवस्था भी की थी।

### तरह-तरह की लगी दुकानें

मड़ई में अंजनियां, नारा, करिया गांव, ककैया, सिलगी, केवलारी, झिगराघाट सहित दर्जनो गांव से ग्रामीण पहुंचे और अपनी पंसद की वस्तुओं की खरीददारी की। वर्षों से भर रही इस मड़ई का अपना अलग ही महत्व है। यहां कपड़े से लेकर सस्ते गहने जूते-चपल, सब्जी और खेल-खिलौने, मोबाइल से सबंधित समाग्रियों की दुकानें सजाई गई। आसपास गांव से पहुंचे युवाओं ने झुलों का जमकर आनंद लिया। बच्चों के लिए पहुंचे झूले में भी भीड़ लगी रही। मिठाईयों की दुकान, सिघंड़े, चाट फुल्की, सोंदर्य सामग्री की दुकानों में ज्यादा भीड़ देखने को मिली। लोगों का रुझान गर्म कपड़ों में देखने को मिला कंबल, ऊनी कपड़े, स्कार्प आदि को पंसद करने के लिए दुकानों में जमघट लगा रहा।



### मड़ई में चौकस रही पुलिस

सीतारपटन ग्राम में आयोजित होने वाली मढ़ई पूरे क्षेत्र की सबसे बड़ी मड़ई मानी जाती है। जिसके कारण यहां होने वाले मेले के आयोजन में चौकसी रखने के लिए अंजनिया पुलिस बल तैनात रहता है। यहां सुरक्षा की दृष्टि से अंजनिया, हिरदेनगर और बोकर की ओर से आने वाले मार्गों पर अंजनिया पुलिस की पैनी नजर रही। तीन दिवसीय मेले में कोई भी अप्रिय घटना सामने नहीं आई। बताया गया कि सीतारपटन की मड़ई पूरे क्षेत्र की बड़ी मड़ई मानी जाती है। जिसमें समस्त क्षेत्र के व्यापारी और ग्रामीण आते हैं। सीतारपटन पर्यटक स्थल है और सुरपन नदी के किनारे बसा हुआ है। यहां प्राचीन मंदिर भी स्थित हैं। जिससे यहां बड़ी संख्या में लोग आते हैं। मड़ई स्थल से कुछ ही दूरी पर बाल्मीकि मंदिर आश्रम में धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गए। जिसमें बड़ी संख्या में आसपास ग्रामों के श्रृद्धालुओं ने सहभागिता की।

# जंगली हाथियों ने फेन अभयारण्य कैंप को पहुंचाया नुकसान

धान की फसलें रौंदी, वन विभाग की संयुक्त टीम कर रही निगरानी

छत्तीसगढ़ के रास्ते मंडला में फिर दाखिल हुआ हाथियों का झुंड



**मंडला 07 नबंवर नभाप्र.** छत्तीसगढ़ से आया जंगली हाथियों का एक झुंड एक बार फिर मंडला जिले में प्रवेश कर गया है। यह झुंड डिंडौरी और छत्तीसगढ़ की सीमा से होते हुए जिले में दाखिल हुआ है, जिसके कारण वन विभाग और आसपास के ग्रामीणों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। वन विभाग से मिली जानकारी अनुसार हाथियों का यह झुंड डिंडौरी जिले के समनापुर वन क्षेत्र से मंडला की सीमा में दाखिल हुआ।

बताया गया कि जंगली हाथियों ने पंडरीपानी, सखजर और धनवाही के रास्ते फेन अभयारण्य के जंगलों तक का सफर तय किया। गुरुवार को साजलगान और संभार धसान के पास हाथियों की गतिविधियों को दर्ज किया गया। जंगली हाथियों के एक झुंड ने फेन अभयारण्य के एक अस्थायी कैंप को भी नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कैंप में रखे अनाज को खाने के प्रयास में तोड़फोड़ की।

बताया गया कि झुंड में कई हाथी शामिल हैं। गुरुवार शाम को इनकी लोकेशन मवई और मोतीनाला रेंज के बीच छतरताल और औरई के आसपास दर्ज की गई थी, और इनका मूवमेंट मवई रेंज की ओर जारी है। शुक्रवार सुबह मवई के परसेल क्षेत्र से खेतों में लगी धान की फसल को नुकसान पहुंचाने की खबरें भी मिली हैं।

### वन विभाग ने ग्रामीणों से की अपील

वन विभाग ने जंगली हाथियों के झुंड से सुरक्षा की दृष्टि से ग्रामीणों से सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने ग्रामीणों से कहां कि वे रात के समय जंगल या खेत की ओर न जाएं। खेतों में बने मचान पर न सोएं। घर या आंगन में महुआ, धान, खली या अन्य खाद्य सामग्री खुली न रखें। हाथियों के दिखने या आवाज सुनाई देने पर तुरंत वन विभाग को सूचना दें। भीड़ एकत्रित न करें और हाथियों के पास जाने का प्रयास न करें।



### वन विभाग की संयुक्त टीम निगरानी में जुटी

जंगली हाथियों की इस मौजूदगी को देखते हुए वन विभाग ने आसपास के ग्रामीण इलाकों में मुनादी करा दी है, जिससे लोग सतर्क रहें और जंगल की ओर जाने से बचें। वन विभाग की टीमें लगातार हाथियों की लोकेशन पर नजर बनाए हुए हैं। फेन अभयारण्य, मवई और मोतीनाला रेंज की एक संयुक्त टीम हाथियों की गतिविधियों की सघन निगरानी कर रही है।

# तीसरे दिन उमड़ा जनसैलाब, पुलिस रही चौकन्नी

मनोरंजन के लिए नारायणगंज मड़ई में आए झूले

युवक, युवतियां और बच्चों ने लिया आनंद



**मंडला 07 नबंवर नभाप्र.** तीन दिनों तक भरने वाली नारायणगंज मड़ई में तीसरे दिन बड़ी संख्या में लोग मड़ई पहुंचे। सुबह 9 बजे से ही मड़ई स्थल में लोगों का जन सैलाव उमड़ पड़ा। मैली और पड़रिया ग्राम पंचायत के मध्य नारायणगंज मड़ई भरती है। जनपद व तहसील मुख्यालय होने से यह क्षेत्र की सबसे बड़ी मड़ई मानी जाती है। बड़ी संख्या में दुकानदारों ने अपनी दुकानें मड़ई लगाई हुई है। मड़ई में अनेक तरह के झूले भी आए हैं। मड़ई में बच्चों, महिलाओं के लिए तरह तरह की दुकानें सजी है। जहां मड़ई में पहुंचे लोग जमकर खरीददारी कर रहे हैं। बताया गया कि मड़ई में लोगों की भीड़ को देखकर लग रहा है कि मड़ई में दो तीन दिनों तक और भरेगी। यहां मड़ई में लोगों का जन सैलाब उमड़ रहा है। व्यवस्थाएं बनाने टिकरिया पुलिस भी जगह जगह मौजूद है। दो तीन दिन तक और मड़ई भरने का अंदाजा लगाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि मड़ई, मेलों में यदि झूले ना हो तो, वह मड़ई, मेला अधूरा सा लगता है। मेला छोटा हो या बड़ा झूले हर मड़ई, मेलों में लगते है। नारायणगंज मड़ई में लगे झूले बच्चों के लिए मनोरंजन का साधन है। मेले में दूर-दूर से आए लोगों ने मड़ई का खूब आनंद उठाया। युवक, युवतियां और बच्चे भी छोटे, बड़े झूले का खूब आंनद ले रहे हैं।

स्थानीय नागरिक कैलाश सोनी ने बताया कि विकासखंड नारायणगंज की मड़ई क्षेत्र की सबसे बड़ी मड़ई है। नारायणगंज की मड़ई देवउठनी ग्यारस के बाद पड़ने वाले बुधवार के दिन से भरना प्रारंभ होती है। यहां वर्षो से यह परंपरा चली आ रही है।

# अवैध क्लीनिकों पर छापा, फर्जी चिकित्सक दिखाने लगे मेडिकल डिग्री

## घुघरी में झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिकों पर संयुक्त टीम का छापा



**मंडला 07 नबंवर नभाप्र.** जिला कलेक्टर के सख्त आदेश पर घुघरी में स्वास्थ्य सेवाओं में अनियमितताओं पर नकेल कसने के उद्देश्य से एक बड़ी संयुक्त जांच कार्रवाई की गई। इस जांच अभियान का मुख्य निशाना अवैध रूप से संचालित झोलाछाप डॉक्टरों की डिस्पेंसरियां थीं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व घुघरी के निर्देशन में तहसीलदार, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज राज, और पुलिस स्टाफ की संयुक्त टीम ने मुख्यालय स्थित क्लीनिकों का रुख किया। कार्रवाई की भनक लगते ही क्लीनिक चला रहे कथित चिकित्सकों में हड़कंप मच गया। उन्होंने आनन-फानन में अपनी सभी दवाइयाँ और इंजेक्शन किट मौके से गायब कर दिए। कार्रवाई से बचने के लिए इन फर्जी चिकित्सकों ने टीम को तुरंत अपनी मेडिकल की डिग्री दिखाने का दिखावा शुरू कर दिया। यह जांच ब्लॉक स्तर तक फैली। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अवैध रूप से चिकित्सा कर रहे लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जरूरतमंद बच्चों को मुफ्त शिक्षा देगी एबीवीपी की परिषद की पाठशाला

## सेवार्थ विद्यार्थी के माध्यम से पहल, बड़ी खैरी स्थित मंदिर में शुरू हुई नि:शुल्क शिक्षा की कक्षा



**मंडला 07 नबंवर नभाप्र.** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सेवार्थ विद्यार्थी के माध्यम से एक नई पहल करते हुए परिषद की पाठशालाका विधिवत शुभारंभ किया गया। इस पाठशाला का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा और उचित मार्गदर्शन प्रदान करना है। परिषद की पाठशाला का शुभारंभ बड़ी खैरी कम्पोस्ट कॉलोनी स्थित भारत माता मंदिर में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों और बच्चों ने स्वामी विवेकानंद के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और माता सरस्वती की पूजा अर्चना की। परिषद की पाठशाला के उद्देश्य पर चर्चा करते हुए प्रांत कार्यकारणी सदस्य प्रिंस सिंह ने कहा कि इस पहल के माध्यम से समाज के बच्चों को शिक्षा अधिगम की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य पूरी तरह नि:शुल्क किया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि अभाविप बच्चों को मुफ्त शिक्षा और उचित मार्गदर्शन देने के लिए कृतसंकल्पित है।

इस पहल के शुभारंभ अवसर पर अनेक गणमान्य व्यक्ति और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से प्राचार्य पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस अनिल गुप्ता, प्रोफेसर टीपी मिश्रा, बीएसवीपी प्रमुख अजय वंशकार, अभाविप प्रांत कार्यसमिति सदस्य वागीश पटेल, प्रिंस सिंह, नयन यादव, शिवांग मार्को, आनंद सिंगरौरे, संदीप परस्ते, मयंक बघेल, यश कछवाहा और कान्हा नामदेव सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की बैठक में सौंपे नए दायित्व



**भुआ बिछिया 07 नबंवर नभाप्र.** विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल बिछिया की बैठक संघ कार्यालय बिछिया में जिला अध्यक्ष जगदीश ठाकुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। बैठक में जिला मंत्री बलदाऊ राजपूत ने संगठन के नए पदाधिकारियों के नाम की घोषणा की। जिसमें हितेश तिवारी बिछिया प्रखंड अध्यक्ष , विश्राम सिंह मार्को प्रखंड उपाध्यक्ष, मयंक मिश्रा प्रखंड उपाध्यक्ष एवं रत्नेश यादव, जिला मठमंदिर एवं अर्चक पुरोहित प्रमुख को नए दायित्व सौंपा गया। इसके साथ ही विश्व हिन्दू परिषद के नगर एवं प्रखंड टोली के विस्तार की कार्ययोजना के साथ आगामी शौर्य दिवस कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा हुई। संपूर्ण कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद, जिला उपाध्यक्ष आजाद चौबे, जिला धर्मप्रसार प्रमुख विवेक कुमार पाण्डेय, प्रखंड मंत्री राजू भार्षत, नगर अध्यक्ष सचिन तेकाम, गौ रक्षा प्रमुख बंटी जंघेला, विद्यार्थी प्रमुख मनोज गोस्वामी उपस्थित रहे।

# सप्त शक्ति संगम का आयोजन, 9 नवंबर को होगा कार्यक्रम

**मंडला 07 नबंवर नभाप्र.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विद्याभारती की योजनानुसार वैचारिक और सामाजिक कार्यक्रम सप्त शक्ति संगम का आयोजन 9 नबंवर रविवार को दोपहर 2 बजे से सरस्वती शिशु उच्च माध्यमिक विद्यालय हरदहा वार्ड बम्हनी बंजर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में नारी शक्ति का जागरण करना और कुटुम्ब प्रबोधन करना है। इसके साथ ही कार्यक्रम का लक्ष्य नागरिकों में भारतीय दर्शन और व्यवहार के अनुरूप पर्यावरण के संबंध में जागरूकता लाना है। आयोजकों ने नगर की समस्त मातृशक्तियों से आग्रह किया है कि वे विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाए।

# सिंधी समाज के आराध्य देव पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले नेता की गिरफ्तारी के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

अमित बघेल पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की मांग

आपत्तिजनक वीडियो से आहत हुई धार्मिक आस्था




**मंडला 07 नबंवर नभाप्र.** छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के कथित नेता अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल एवं सिंधी समाज पर अपमानजनक टिप्पणी किए जाने के विरोध में मंडला में सिंधी समाज ने विरोध दर्ज कराया। पूज्य सिंधी पंचायत मंडला के नेतृत्व में रैली निकालकर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि अमित बघेल ने उक्त आपत्तिजनक टिप्पणी और वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया था। इस आपत्तिजनक कंटेंट को देखने से सिंधी समाज की धार्मिक आस्था को गंभीर ठेस पहुंची है। सिंधी समाज ने आरोप लगाया कि अमित बघेल ने यह हरकत हल्की ख्याति प्राप्त करने की दुर्भावना से की है, जिससे देश के समस्त सिंधी नागरिक आहत हुए हैं और समुदाय में आक्रोश व्याप्त है।

### राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई की मांग

पूज्य सिंधी पंचायत ने कलेक्टर के माध्यम से आग्रह किया है कि छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के नेता अमित बघेल के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही करते हुए उनकी तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन में समुदाय की भावनाएं व्यक्त करते हुए बताया है कि सिंधी समुदाय का प्रारंभ से ही शासन, प्रशासन, संविधान और कानून पर पूर्ण विश्वास रहा है, लेकिन इस व्यक्ति के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही न होने से सिंधी समुदाय खुद को असहाय महसूस कर रहा है और उग्र आंदोलन के लिए विवश हो सकता है। इस प्रदर्शन और रैली में बड़ी संख्या में सिंधी समाज के नागरिक उपस्थित रहे।

# रितेश सोनी बने निवास विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष

निर्विरोध निर्वाचन से कार्यकर्ताओं में उत्साह

युवा शक्ति को मिलेगी नई ऊर्जा



**नारायणगंज 07 नबंवर नभाप्र.** मप्र युवा कांग्रेस के संपन्न हुए चुनावों में मंडला जिले की निवास विधानसभा से रितेश सोनी ट्विंकल ने विधानसभा अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की है। रितेश का निर्वाचन युवाओं के बीच उनके मजबूत जनाधार और पार्टी के प्रति समर्पण का परिणाम माना जा रहा है। रितेश पहले नारायणगंज युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं और युवाओं की समस्याओं के लिए सदैव खड़े रहने के लिए जाने जाते हैं।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजुल ज्योत्तसी ने बताया कि निवास विधानसभा से उनका निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। उन्होंने कहा उनका निर्विरोध निर्वाचित होना ही इस बात का प्रमाण है कि सभी युवा शक्ति ने एक स्वर में उन्हें इस पद के लिए स्वीकार किया है। मैं समझता हूं कि एक अध्यक्ष के रूप में उन्हें बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसे वह पूरी निष्ठा और कर्मठता के साथ निभाएंगे।

### विधायक और जिला अध्यक्ष ने जताई खुशी

रितेश के अध्यक्ष चुने जाने पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने खुशी व्यक्त की है। निवास विधायक चैनसिंह बरकड़े ने इसे नई ऊर्जा और युवा जोश का परिणाम बताया। विधायक ने कहां कि रितेश सोनी का विधानसभा के अध्यक्ष पद में आना सिर्फ एक व्यक्ति का आना नहीं है, बल्कि नई ऊर्जा, युवा जोश और हर मुद्दे में रितेश ने साथ दिया है उसका परिणाम है। मुझे पूरा विश्वास है कि एक विधानसभा अध्यक्ष के रूप में भी वे अपने क्षेत्र की जनता की आवाज को उसी मजबूती से उठाएंगे। जिला अध्यक्ष कांग्रेस मंडला अशोक मर्सकोले ने युवा शक्ति को मजबूत करने की आशा व्यक्त की। जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमारे जिले की युवा शक्ति की ताकत अब और बढ़ेगी। रितेश युवाओं की आवाज बन विधानसभा क्षेत्र में अपनी पार्टी की विचारधारा से नए युवाओं को जोड़कर राहुल गांधी के उद्देश्यों की पूर्ति करेंगे।

अतिक्रमण | जनपद कॉम्प्लेक्स बिंझिया में कब्जा बरकरार, राजस्व विभाग की कार्रवाई पर उठे सवाल

# नोटिस के बाद भी नहीं टूटी नींद, अवैध निर्माण जस का तस



**मंडला 07 नबंवर नभाप्र.** जनपद पंचायत कॉम्प्लेक्स बिंझिया में वर्षों से चले आ रहे अवैध कब्जे पर प्रशासन की लापरवाही साफ झलक रही है। शिकायतों और निर्देशों के बावजूद राजस्व विभाग की कार्रवाई केवल नोटिस तक सीमित रह गई है। इससे न केवल सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण बढ़ा है बल्कि विभागीय कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।

जानकारी अनुसार कॉम्प्लेक्स की पहली दुकान में दुकानदार द्वारा लंबे समय से अतिरिक्त निर्माण कर लिया गया है। दुकान की सीढ़ी में भी कब्जा कर वहां वॉशिंग सेंटर संचालित किया जा रहा है। इतना ही नहीं सेंटर संचालक ने शासकीय हैंडपंप से अपने उपयोग के लिए हरी नेट डालकर सड़क किनारे तक पाइपलाइन खींच दी, जिससे राहगीरों और आसपास के दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत जिला कलेक्टर से की थी। एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार और राजस्व अमला मौके पर पहुंचा, पंचनामा तैयार किया और दुकानदार को नोटिस जारी किया गया। लेकिन इसके बाद न तो निर्माण हटाया गया और न ही वॉशिंग सेंटर का स्टैंड सड़क से उठाया गया। कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रह गई है। बताया गया कि इस अवैध कब्जे पर विभाग अब तक न तो जुर्माना लगा सका और न ही निर्माण हटवाने की कोई ठोस पहल की। नागरिकों का कहना है कि जब सरकारी परिसर में ही इस तरह कब्जा बना रहेगा तो आम जनता में गलत संदेश जाएगा। विभागीय उदासीनता से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन अब भी सख्त रुख नहीं अपनाता तो कॉम्प्लेक्स की शासकीय भूमि पर कब्जे का सिलसिला आगे और बढ़ेगा। जरूरत है कि नोटिस की औपचारिकता से आगे बढ़कर मौके पर वास्तविक कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी संपत्तियों को अतिक्रमण से बचाया जा सके।

### इनका कहना है

नोटिस तो कई बार दिए जाते हैं, पर कार्रवाई सिर्फ फाइलों तक सीमित रहती है। कॉम्प्लेक्स की सीढ़ी तक पर कब्जा कर दुकानें बढ़ाई जा रही हैं और अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं।

**स्थानीय दुकानदार,** जनपद कॉम्प्लेक्स, मंडला

प्रकरण में दुकानदार की पेशी हो चुकी है। सेंटर का स्टैंड हटवाया जाएगा। अतिरिक्त कब्जे के संबंध में कार्रवाई जनपद पंचायत द्वारा की जाएगी।

**रामसिंह उलाड़ी,** तहसीलदार, मंडला

हेल्पलाईन-9713644800

माँ नर्मदा होम कॉलोनी
(प्रस्तावित बस स्टेण्ड गाजीपुर के समीप व निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज बड़ी खैरी की सीमा से लगा हुआ)
कम से कम रेट पर... सभी साईज के प्लॉट उपलब्ध
शासकीय कर्मचारी व प्रायवेट कर्मचारी के साथ-साथ व्यापारी भाईयों के लिये सुनहरा अवसर
आज ही आईयें और अपने घर का सपना साकार कीजिये
बिजली, सड़क एवं नाली की सुविधा युक्त
कम से कम कागजी कार्यवाही, तुरंत फायनेंस स्वीकृति, शत्-प्रतिशत फायनेंस
स्पेशल ऑफर प्लाट बुक करने पर रजिस्ट्री फ्री
ऑफर सीमित समय के लिये*
मो.- 7828214860, 8305671202
पता ऑफिस- जबलपुर - रायपुर नेशनल हाइवे, बायपास मेन रोड, कटरा (मंडला)
सिटी ऑफिस- हाउसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, प्रथम तल फ्लेट नं. 4 बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने, जबलपुर रोड, मंडला